सं0-11013/05/2021-समिति-6

संसदीय राजभाषा समिति

11, तीन मूर्ति मार्ग, नई दिल्ली-110011

दिनांक: 14/01/2022

विषय: संसदीय राजभाषा समिति सचिवालय में अनुसंधान सहायक, सहायक तथा आशुलिपिक वर्ग 'घ' के नि:संवर्गीय पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरा जाना ।

समिति सचिवालय में अनुसंधान सहायक, सहायक तथा आशुलिपिक वर्ग "घ" के नि:संवर्गीय पदों के लिए उपयुक्त व्यक्तियों की सेवाएं प्रतिनियुक्ति के आधार पर अपेक्षित हैं।

2. उन्हीं अभ्यर्थियों के आवेदन जो अनुबंध-। के अनुसार अपेक्षित शैक्षिक योग्यताएं/अर्हताएं रखते हों, अनुबंध-।। व ।।। में निर्धारित प्रोफ़ार्मो में भरकर भेजे जाएं। उक्त पदों के लिए स्वेच्छा से अपना नाम देने वाले कार्मिकों को बाद में अपना नाम वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इन पदों का वेतनमान व शर्तें अनुबंध-1 में दी गई है।

3. अनुरोध है ऐसे अधिकारी/कर्मचारी जो संबंधित पदों पर प्रतिनियुक्ति के लिए इच्छुक हो तथा अपेक्षित योग्यताएं एवं शर्तों को पूरा करते हों व जिनका चयन हो जाने पर तत्काल कार्यमुक्त किया जा सकता हो, उनके आवेदन "रोजगार समाचार-पत्र" में विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि के 60 दिन के अंदर सचिव (समिति), संसदीय राजभाषा समिति, 11, तीन मूर्ति मार्ग, नई दिल्ली-110011 को अवश्य भेज दिये जाएं। आवेदन-पत्र पूर्णतया भरे जाने के बाद गोपनीय रिपोर्टों के साथ भेजे जाने चाहिए। अधूरे आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्रों को भेजने से पूर्व उनमें दिए गए विवरणों की अच्छी तरह से जांच कर ली जाए कि अभ्यर्थी पात्रता की शर्तें पूरी करते हैं। अंतिम तिथि के बाद अथवा बिना गोपनीय रिपोर्ट के साथ प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। यह भी प्रमाणित किया जाना चाहिए कि आवेदक के विरूद्ध कोई भी अनुशासनात्मक मामला लंबित अथवा परिकल्पित नहीं है तथा पिछले पांच वर्षों में कोई शास्ति (पेनल्टी) नहीं लगाई गई है। प्रतिनियुक्ति के दौरान संबंधित अधिकारी कार्मिक, लोक शिकायत व पेंशन मंत्रालय के दिनांक 17-06-2010 के कार्यालय ज्ञापन संख्या ए.बी.-6/8/2009-स्था0(वेतन-2) (यथा-संशोधित) में दी गई प्रतिनियुक्ति की सामान्य शर्तों द्वारा शासित किया जाएगा।

4. सभी मंत्रालयों/विभागों आदि से यह भी अनुरोध है कि वे इन पदों कि रिक्तियों की सूचना अपने सभी सम्बद्ध/अधिनस्थ कार्यालयों को भी दें।

(धर्मराज खटीक)<br>
सचिव (समिति)<br>
दूरभाष 011-21411164

भारत सरकार के सभी मंत्रालय तथा विभाग

Scanned with CamScanner

| क्रं सं. | पदनाम | पदों की संख्या | वेतनमान | योग्यता की शर्तें<br>प्रतिनियुक्ति पर स्थानातंरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अनुसंधान सहायक | 04 | ₹5500-175-9000<br>**(संशोधन से पूर्व)**<br><br>**7वे सीपीसी** वेतन मैट्रिक्स **लेवल-6**<br><br>(6वें सीपीसी वेतन बैंड-2, ₹9300-34,800 ग्रेड वेतन ₹4200) | केंद्रीय सरकार के ऐसे कर्मचारी:-<br><br>(क)(1)जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों; **या**<br>(2) जिन्होने ₹5000-8000 (संशोधन से पूर्व) के या समतुल्य वेतनमान वाले पदों पर तीन वर्ष की नियमित सेवा की है; **या**<br>(3) जिन्होने ₹4500-7000 (संशोधन से पूर्व) के वेतनमान वाले पदों या समकक्ष पदों पर छ: वर्ष के नियमित सेवा की है; **या**<br>(4) जिन्होने ₹4000-6000 (संशोधन से पूर्व) के वेतनमान वाले पदों या समकक्ष पदों पर दस वर्ष के नियमित सेवा की है. **और**<br><br>(ख) जिन्हे टिप्पण आलेखन तथा सरकार की राजभाषा नीति से संबंधित पोजीशन पैरों आदि को हिन्दी में तैयार करने का दो वर्ष का अनुभव है।<br><br>(प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतगर्त केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति के ठीक पहले धारित किसी अन्य बाह्य काडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतया **3 वर्ष** से अधिक नहीं होगी।)<br><br>प्रतिनियुक्ति पर स्थानातंरण द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने के अंतिम तारीख को **56 वर्ष** से अधिक नहीं होगी। |
| 2. | सहायक | 04 | ₹5000-150-8000<br>**(संशोधन से पूर्व)**<br><br>**7वे सीपीसी** वेतन मैट्रिक्स **लेवल-6**<br><br>(6वें सीपीसी वेतन बैंड-2, ₹9300-34,800, ग्रेड वेतन ₹4200) | केंद्रीय सरकार के ऐसे कर्मचारी:-<br><br>(1) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों; **या**<br>(2) जिन्होने ₹4000-100-6000 (संसोधन से पूर्व) **या** समतुल्य वेतन वाले पदों पर पांच वर्ष की नियमित सेवा की है तथा जिन्हे लेखा, स्थापना तथा हिन्दी में नोटिंग/ड्रफ्टिंग का **दो** वर्ष का अनुभव है।<br><br>(प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतगर्त केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति के ठीक पहले धारित किसी अन्य बाह्य काडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारण तया **3 वर्ष** से अधिक नहीं होगी)<br><br>प्रतिनियुक्ति पर स्थानातंरण दारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने के अंतिम तारीख को **56** वर्ष से अधिक नहीं होगी। |

14/01/2022

Scanned with CamScanner

| क्रं सं. | पदनाम | पदों की संख्या | वेतनमान | योग्यता की शर्तें<br>प्रतिनियुक्ति पर स्थानातंरण |
|---|---|---|---|---|
| 3. | आशुलिपिक वर्ग "घ" | 03 | ₹4000-100-6000<br>**(संशोधन से पूर्व)**<br>**7वे सीपीसी** वेतन मैट्रिक्स **लेवल-4**<br>(6वें सीपीसी वेतन बैंड-1, ₹5200-20,200, ग्रेड वेतन ₹2400) | केंद्रीय सरकार के ऐसे कर्मचारी:-<br>(1) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों **या**<br>(2) निम्न श्रेणी लिपिक के वेतनमान में दो वर्ष की नियमित सेवा की है और जो अँग्रेजी या हिन्दी आशुलिपि में 80 शब्द प्रति मिनट की गति रखते हैं।<br>(3) हिन्दी आशुलिपि जाने वाले को अधिमानता दी जायेगी।<br>(प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतगर्त केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति के ठीक पहले धारित किसी अन्य बाह्य काडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी) प्रतिनियुक्ति पर स्थानातंरण द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने के अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी। |

**नोट- 7वें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार संशोधित वेतनमान।**

Scanned with CamScanner

# .......................................................के पद हेतु आवेदन-पत्र ।

## (अनुसंधान सहायक/सहायक एवं आशुलिपिक के पद हेतु आवेदन का प्रारूप)

1. नाम: ...........................................................................................................
2. जन्म की तिथि: .................................................................................................
3. वर्तमान पद जिस पर कार्य कर रहे हैं ...............................................................

   तथा कार्यालय का पूरा नाम और पता: .............................................................

   क्या यह संवर्ग पद है अथवा असंवर्ग पद: .........................................................
4. नियमित रूप से प्रथम नियुक्ति की तारीख: ......................................................
5 वर्तमान ग्रेड पर नियुक्ति की तारीख: ..................................................................
6. वर्तमान वेतन तथा वेतनमान: ...........................................................................
7. क्या अस्थायी/स्थायी हैं: .....................................................................................
8. शैक्षिक तथा विशेष अर्हताएं, यदि कोई हो: ........................................................
9. संक्षिप्त सेवा विवरण: .........................................................................................

| मंत्रालय/विभाग/कार्यालय | धारित पद | वेतनमान<br>से तक | ड्यूटी का स्वरूप |
|---|---|---|---|

10.क्या पद के लिए अपेक्षित अर्हताएं पूरी करते हैं (यदि किसी अर्हता को नियमों के अंतगर्त निर्धारित की गई अर्हता के समकक्ष समझा जाता है तो उस प्राधिकरण का नाम बताएं)

<u>अर्हताएं/अनुभागअधिकारी द्वारा प्राप्त अर्हताएं,/अनुभाग</u>

11.कृपया बताएं कि आपके द्वारा ऊपर दी गई प्रविष्टियों से आप पद कि अपेक्षाएँ पूरी करते है:

12.हिन्दी टाइपिंग/आशुलिपि कि गति (जहां लागू हों)

| | टाइपिंग |
|---|---|
| हिन्दी | |
| अँग्रेजी | |

13.यदि पहले किसी संवर्ग बाह्य पद पर रहे हों तो वहाँ से लौटने कि तारीख:.......................................

14.क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित हैं: ..................................................

15.यदि अन्य विवरण जो अन्य किसी कॉलम में न दिया हो।: ..................................................

16.वर्तमान आवास पता: ..........................................................................................

17.कार्यालय शाखा का टेलीफ़ोन संख्या: ..................................................................

18.मंत्रालय/विभाग/कार्यालय का पता: ......................................................................

आवेदक का हस्ताक्षर: ................................

तिथि: ......................................................

फोन नंबर: ...............................................

Scanned with CamScanner

## नियोक्ता/ संवर्ग नियंत्रण अधिकारी द्वारा प्रमाणपत्र

कार्यालय के अभिलेखों में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार आवेदक द्वारा उपरोक्त आवेदन में दी गई सूचनाएं, ब्यौरे सत्य और ठीक है। वे रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव रखते/ रखती है। चयन होने की स्थिति में उन्हें तत्काल मुक्त कर दिया जाएगा।

2. ये भी प्रमाणित किया जाता है कि:-

(i) श्री/श्रीमती ................................ के विरुद्ध कोई सतर्कता अथवा अनुशासनात्मक मामला लंबित/ विचारणीय नहीं है।

(ii) उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित कि जाती है।

(iii) उनकी सत्यनिष्ठा रिपोर्ट मिसिल (सीआर डोजियर) की मूल प्रति संलग्न की जाती है। भारत सरकार के अवर सचिव अथवा उससे ऊपर के पद के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित पिछले 05 वर्षो की वार्षिक गोपनीयता रिपोर्ट की छाया प्रतियां संलग्न की जाती हैं।

(iv) पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर कोई बड़ी/ छोटी शास्ति आरोपित नहीं की गई है अथवा पिछले 10 वर्षो के दौरान उन पर लगाई गई बड़ी/ छोटी शास्ति की सूची संलग्न की गई है। जैसा भी मामला हो)

प्रति हस्ताक्षरित

(नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रक अधिकारी मुहर सहित)



Scanned with CamScanner